Patrika

Raipur: Bank Vacancy in 42,000 Jobs

रायपुर. भारत में बैंकिंग क्षेत्र में तेजी से विस्तार के साथ नौकरी देने की होड़ लग गई है। सरकार द्वारा बैंकिंग को भारत की अर्थव्यवस्था के सबसे मजबूत स्तंभ बनाने के फोकस के साथ अगले वर्ष बैंक में नौकरियों के तेजी से बढने की उम्मीद है। अस्थायी अनुमानों के अनुसार आगामी वित्त वर्ष में लिपिक के साथ-साथ अधिकारी स्तर पर देश के सरकारी क्षेत्र के बैंकों में करीब 40,000 से भी अधिक नौकरियां आने वाली हैं। भारतीय स्टेट बैंक जैसे शीर्ष नाम के अलावा कई निजी बैंकों द्वारा भी 2017 में बैंक में नौकरियों की घोषणा करने की उम्मीद है।

यह सरकारी नौकरी की इच्छा रखने वाले कई लोगों के लिए बैंकिंग क्षेत्र को उनके सपनों का उद्योग बनाएगा। कई लोग बैंकिंग क्षेत्र में स्टाफ की जरूरतों में हुई अचानक बढ़ोतरी से सोच में पड़ गए हैं। हाल में बैंक में नौकरी की संख्या के बारे में हुई वर्तमान घोषणा कुछ वर्ष पहले की तुलना में बहुत अधिक है। इसका मुख्य कारण बैंकिग क्षेत्र का विकास और उसमें होने वाला विस्तार है। बैंकिंग क्षेत्र का विकास और विस्तार खासकर सरकारी क्षेत्र के बैंकों में, सरकार के विशेष फोकस, प्रधानमंत्री जन धन योजनाए मुद्रा बैंक योजना और ऐसी ही अन्य सफल योजनाओं की शुरुआत से प्रेरित है।